Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding widening of National Highway (NH 68) in Tharad city, Gujarat-laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): थराद शहर (गुजरात) में से NH 68 गुजरता है और वहां हमेशा ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। ट्रैफिक की समस्या से निजात पाने हेतु सड़क को 4 लेन में परिवर्तन करने के सन्दर्भ में निवेदन पत्र मैने पहले भी सम्बंधित मंत्रालय के कार्यालय में भेजा है और दर्खास्त विभाग से भी मंत्रालय में आई हुई है जो मंजूरी हेतु लंबित है। मेरे पत्र के जवाब में मंत्री जी का लिखित आश्वासन भी मुझे मिला है कि इस प्रोजेक्ट के लिए वर्ष 2020-21 में बजट को स्वीकृत करके इसको पूरा करने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अतः मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि NH 68 के चौड़ीकरण हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाये जिससे मेरे क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके।